# निवेश को लेकर इन्वेस्ट यूपी की समीक्षा शुरू

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** इन्वेस्ट यूपी ने निवेश को लेकर अब हर जिले की मासिक समीक्षा शुरू की है। वैश्विक निवेश सम्मेलन के बाद गत वर्ष आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण (जीबीसी-4) में शिलान्यास की गईं निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के मामले में कन्नौज सबसे आगे है। कन्नौज में 65 में से 50 परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा चुका है। शेष 15 परियोजनाओं को भी चालू वित्तीय वर्ष में धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा गाजीपुर, अंबेडकर नगर, अमेठी, बलिया, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बस्ती व बदायूं में 909 परियोजनाओं में से 631 को धरातल पर उतारा जा चुका है।

इन्वेस्ट यूपी में प्रशासनिक बदलाव के बाद अब निवेश परियोजनाओं के नियमित समीक्षा की जा रही है। इसके लिए विभिन्न विभागों से निवेश के आंकड़े एकत्र किए गए हैं। अभी तक निवेश परियोजनाओं की प्रगति के आंकड़ों को संबंधित विभागों द्वारा ही अपडेट किया जाता था, लेकिन नई व्यवस्था के तहत अब निवेश की सभी परियोजनाओं की प्रगति के आंकड़ों को इन्वेस्ट यूपी द्वारा अपडेट किया जा रहा है।

जीबीसी-4 में 10 लाख करोड़ रुपये की 14,000 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया था। इनमें से अब तक करीब 2.80 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को लेकर ही वाणिज्यिक संचालन शुरू किया जा सका है। इन्वेस्ट यूपी ने लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी जिलों में तैनात उद्यमी मित्रों से लंबित परियोजनाओं की जानकारी एकत्र की है। हाथरस, प्रतापगढ़, अयोध्या, कानपुर

## विभिन्न जिलों में निवेश की 147 परियोजनाओं का अपडेट नहीं

नगर, ललितपुर, गोंडा, बागपत, अमरोहा, लखनऊ व बदायूं में निवेश की 147 परियोजनाओं को लेकर कोई अपडेट ही नहीं उपलब्ध कराया गया है। इनमें राजधानी लखनऊ में निवेश की 296 परियोजनाओं में से 29 के बारे में अभी तक कोई अपडेट इन्वेस्ट यूपी को उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसी प्रकार कानपुर नगर में 236 में से 30, अयोध्या की 190 में से 25 की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इन जिलों के उद्यमी मित्रों को इन्वेस्ट यूपी ने चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द संबंधित परियोजनाओं की प्रगति की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

**चार जिलों के धार्मिक स्थलों के विकास पर खर्च होंगे 6.46 करोड़ रुपये :** बदायूं, बरेली, बिजनौर और शाहजहांपुर के कई धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास पर 6.46 करोड़ खर्च होंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बदायूं के उसावा रोड स्थित बोधिसत्व अंबेडकर बुद्ध विहार के पर्यटन विकास पर 56.86 लाख खर्च किए जाएंगे। बरेली के आंवला में श्री अहिक्षेत्र पार्श्वनाथ अतिशय तीर्थ क्षेत्र दिगंबर जैन मंदिर व रामनगर किले के पर्यटन विकास पर 1.39 करोड़, भोजीपुरा स्थित सेमीखेड़ा दाऊजी प्राचीन शिव मंदिर के पर्यटन विकास पर 1.39 लाख, शाहजहांपुर की तहसील पुवायां के ग्राम गुढ़िया स्थित 52 दरवाजा ठाकुर जी मंदिर के विकास पर 45.39 लाख खर्च होंगे।